# बसपा से आने वाले विधायकों ने धमकी दी, तो मिली नियुक्ति

## उपाध्यक्ष बने नेता मुंह ताक रहे हैं दर्जा मिलने का

- राजनीतिक नियुक्तियों के बीच उभरे नाराजगी के स्वर, युवा बोर्ड उपाध्यक्ष बोले, ''सैलरी के लिए राजनीति में नहीं आया, पद के हिसाब से ताकत मिलनी चाहिए''
- दर्जा तो दूर की बात, कई उपाध्यक्षों के पास तो बैठने के लिए जगह भी नहीं, भत्ता तय किया वह भी नहीं मिलता
- गहलोत सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए बने हैं 23 उपाध्यक्ष

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ तो ऐसा हो रहा है कि घर के पूत कुंवारे रह रहे हैं और पड़ोसी का फेरा की तरह दूसरे दलों से आए नेता राज का पूरा मजा ले रहे हैं। यही कारण है कि धमकी देने का असर याद दिला कर बसपा से कांग्रेस में आए सभी छह विधायक अब राज का हिस्सा हो चुके 4 विधायकों को पहले ही मंत्री पद और राजनीतिक नियुक्तियां मिल चुकी थी।

सोमवार देर रात को बाकी बचे दो विधायक संदीप यादव और वाजिब अली भी राजनीतिक नियुक्तियों से नवाज दिए गए। दूसरी ओर राजनीतिक नियुक्तियों में विभिन्न बोर्ड निगमों में उपाध्यक्ष बनाए गए नेता और कार्यकर्ता आज भी दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष ने तो स्पष्ट रूप से कह दिया है कि हम राजनीति में काम करने आए हैं, वेतन लेने नहीं। पावर नही मिलता है, तो संगठन के लोगों का काम कैसे करेंगे। यानी कि कांग्रेसजन भले ही नाराज होते रहे, दूसरों को खुश रखने का काम होता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ही बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने उनकी मांगे पूरी नहीं होने पर धमकी की भाषा का इस्तेमाल किया था और कहा था कि अगर हमसे किए वादे पूरे नहीं किए तो हमें सोचना पड़ेगा। मंत्री राजेन्द्र गुढा ने कहा था कि विधायकों को विलय के लिए मैंने तैयार किया था। क्योंकि मैं पुराना आदमी था, पहले मंत्री रह चुका था। सीएम अशोक गहलोत के बिहाफ पर काफी बातें कही थीं, भरोसा दिलाया था। इस धमकी का असर यह हुआ कि भरतपुर के नगर से विधायक वाजिब अली को राज्य खाद्य आयोग चेयरमैन और अलवर के तिजारा से विधायक संदीप यादव को भिवाड़ी शहरी आधारभूत विकास बोर्ड चेयरमैन के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। वैसे दोनों विधायकों को कोई वेतन भत्ते नहीं मिलेंगे। इससे पहले बोर्ड निगमों में चेयरमैन बनाए गए विधायकों को भी कैबिनेट या राज्यमंत्री का दर्जा नहीं दिया गया है। केवल गैर विधायक बोर्ड-निगमों के अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा और वेतन भत्ते मिल रहे है।

इधर राजस्थान में राजनीतिक पदों के रूप में केवल वेतन पाने वाले शक्तिविहीन उपाध्यक्ष भी नाराज हो गए हैं। राजस्थान यूथ बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने कहा कि सैलरी के लिए राजनीति में नहीं आया। हमें पद के हिसाब से ताकत मिलनी चाहिए। सुशील पारीक ने कहा कि हममें से कोई भी उपाध्यक्ष पैसे के लिए यहां नहीं आया होगा। ऐसे में हम राजनीतिक लोग हैं और राजनीति करते हैं तो पद के हिसाब से ताकत और शक्तियां भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष पद की जो शक्तियां हैं वह सभी लोगों को समान रूप से मिलनी चाहिए ताकि हम जो कांग्रेस संगठन के लोग हैं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काम भी करवा सकें। पारीक ने कहा कि उनके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काम करवाना जरूरी है बजाय सैलरी और दूसरे माध्यम के।

पारीक ने कहा कि हम अब आगे भी सरकार बनाने के लिए अग्रसर हैं। सरकार की योजनाएं भी शानदार हैं और हमारी सरकार में अच्छे काम हो रहे हैं।

बता दें कि 19 जुलाई को उपाध्यक्षों के लिए वेतन के रूप में 30,000 रुपए, वाहन भत्ता या यात्रा भत्ते के रूप में 30,000 रुपए, आवास भत्ते के रूप में 10,000 रुपए और टेलीफोन या मोबाइल के भत्ते के रूप में 5000 रुपए समेत कुल 75,000 रुपए महीने तय किए है, वो भी मिलना शुरू नही हुए हैं।

सरकार की ओर से विभिन्न बोर्ड निगम और आयोगों में दीपचंद खेरिया, पंकज मेहता, सचिन सरवटे, सुमेर सिंह राजपुरोहित, डूंगरराम गेदर, सतवीर चौधरी, राजेश टंडन, रामकिशोर बाजिया, सांवरमल मेहरिया, चुन्नीलाल राजपुरोहित, किशनलाल जेदिया, रमिला खड़िया, सुशील पारीक, चतराराम देशबंधु ,जगदीश राज श्रीमाली, रमेश बोराणा, मंजू शर्मा, मानसिंह गुर्जर, कीर्ति सिंह भील, मीनाक्षी चंद्रावत, सुचित्रा आर्य, दर्शन सिंह गुर्जर और दिवाकर बैरवा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने निकाली तिरंगा वाहन रैली



**जयपुर**। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को लेकर घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर मंगलवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर ने तिरंगा वाहन रैली निकाली। तिरंगा वाहन रैली को हर घर तिरंगा अभियान की सह संयोजिका, प्रदेश महामंत्री व सांसद दिया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद दीया कुमारी ने लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों व आफिसों पर तिरंगा फहराए। शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है उन्होंने हर घर झंडा फहराने की अपील की। जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत ने बताया कि 15 अगस्त को देश अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली में कुलवंत सिंह शहर महामंत्री, विमल कुमावत शहर उपाध्यक्ष, पुनीत कर्णावत उपमहापौर, अजयपाल सिंह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह शेखावत संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, रणजीत सिंह सोडाला, महेंद्र यादव, श्रवण बगड़ी, सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, दिनेश सैनी, महेंद्र सिंह पंवार, महेश सैनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूनिया और सिंह तिरंगा रैली में होंगे शामिल

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत देशभर में 20 करोड़ और प्रदेशभर में भाजपा का 50 लाख तिरंगा लगाने का लक्ष्य है। साथ ही तिरंगा रैलियों और प्रभात फेरियों का आयोजन भी प्रदेश के सभी जिलों में होगा। विभिन्न जिलों में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक व अन्य सभी जनप्रतिनिधि तिरंगा रैलियों और हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होंगे।

इसी क्रम में डॉ. सतीश पूनिया और राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह आमेर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को देवका हरवाड़ा स्थित श्री देवनारायण मंदिर से तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इसका दोपहर में रायथल पहुंचकर समापन होगा। आमेर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा रैली का शुभारंभ बुधवार को सुबह देवका हरवाड़ा स्थित श्री देवनारायण मंदिर से होगा, जो चंदवाजी, अचरोल, बिलोंची, दौलतपुरा, टोड़ी मोड, रामपुरा टोल, जाहोता, जालसू, बल्लूपुरा और रायथल तक जाएगी।

# राज्यपाल ने 'शौर्य कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया



राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में शौर्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर केन्द्र द्वारा तैयार करवाए गए मांडणा कलाकृतियों के एलबम और पंचतंत्र कथा मंजरी का लोकार्पण भी किया। इस दौरान कला एवं संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला, पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता सहित अन्य कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

## यात्री बसों में माल ढुलाई क्यों?

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में चलने वाली निजी बसों को माल ढुलाई का लाइसेंस देने का प्रावधान करने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की खंडपीठ अगले सप्ताह सुनवाई करेगी। मुस्कान खंडेलवाल की ओर से दायर इस जनहित याचिका में केंद्र सरकार के साथ ही राज्य के मुख्य सचिव, परिवहन आयुक्त और आरटीओ को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 27 जुलाई को एक नोटिफिकेशन जारी कर निजी यात्री बसों के लिए स्कीम जारी की है। इसके तहत यात्री बसें निर्धारित लाइसेंस लेकर माल की ढुलाई कर सकती हैं। याचिका में कहा गया कि ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के तहत बस बॉडी की छत पर परिवहन करना नियमों के खिलाफ है। इसके अलावा छत पर माल रखने या यात्रियों को बैठाकर बस चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। अब तक ऐसी बसों से अब तक कई घटनाएं हो चुकी है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार करोडों रुपए कमाने के लिए लोगों की जान से खेल रही है।

# प्रधानमंत्री के आव्हान पर देश के हर घर पर लगेगा तिरंगा : दीया कुमारी



सांसद दीया कुमारी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित किया।

**जयपुर**। भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक देश के प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम करेगी। अभियान की प्रदेश संयोजक, सांसद व प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर राजस्थान में भी 50 लाख घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। यह अभियान किसी पार्टी विशेष का अभियान नहीं है, यह प्रत्येक व्यक्ति का, राष्ट्रीय अभियान है और इसमें मेरा मानना है कि जितना उत्साह जोश हमारी युवा पीढ़ी में दिख रहा है।

दीया कुमारी ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारा जो कानून था उसमें हम अपने घर पर तिरंगा नहीं लहरा पाते थे। उसमें भी मोदी सरकार बदलाव लाई है। आज हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम अपने घर पर तिरंगा लहरा पायेंगे। पहले केवल सूर्य उदय से सूर्यास्त तक ही झण्डा फहरा सकते थे, लेकिन अब आप उसे पूरा दिन, 2 दिन 4 दिन लहरा सकते हैं। ऐसी अब कोई पाबंदी नहीं रही, इस पाबंदी को दूर किया गया है। उसके अलावा पहले यह था कि हम लोग केवल खादी के ही झंडे लहरा सकते थे, लेकिन उसमें भी अब बदलाव किया गया हम पॉलिस्टर के, कॉटन के अन्य मटेरियल के झंडे लहरा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में हमारी पार्टी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किए जा रहे हैं। इस अभियान के अर्न्तगत बाइक रैली, वाहन रैली, पदयात्रा 9 से 12 अगस्त तक उसके बाद 11, 12, 13 अगस्त तक प्रभात फेरी का हमारा कार्यक्रम है।

# बिजली कंपनियों के सलाहकार की गिरफ्तारी की मांग

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति-जनताति एवं अल्पसंख्यक महासंघ ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**जयपुर**। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ ने राज्य सरकार से सातों बिजली कंपनियों के सलाहकार बनाए गए ए.के. गुप्ता की तत्काल प्रभाव से बर्खास्तगी की एवं गिरफ्तारी की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष डी. आर. राठौड़ ने आरोप लगाया कि गुप्ता ने विभिन्न पदों पर रहते हुए केंद्र सरकार से आए अरबों रुपए डकार लिए और गरीब आदमी तक सुधार कार्यक्रम का लाभ नहीं पहुंचने दिया। राज्य सरकार ने इन कंपनियों के मुखिया पद पर भ्रष्ट एवं अयोग्य तथा अकुशल अधिकारी ए.के. गुप्ता को एमडी जयपुर डिस्कॉम जोधपुर डिस्कॉम और बाद में सातों कंपनियों के निर्देशक एवं राज्य सरकार के ऊर्जा सलाहकार पद पर नियुक्त कर भ्रष्टाचार पर मुहर लगा दी है जबकि गुप्ता के भ्रष्टाचार की परतें एवं काले कारनामे फाइलों में दबे हुए हैं। इस भ्रष्ट अधिकारी को सरकार का संरक्षण होने से वह बेखौफ होकर अपने काले कारनामे को अंजाम दे रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की आरएपीडीआरपी एवं एससीएडीए योजनाओं में कंपनियों को अरबों रुपए की राशि मिली थी जिसकी क्रियान्वयन के लिए जो निविदाएं निकाली गई व कार्य आदेश दिए गए थे इनमें गुप्ता ने बतौर जोधपुर डिस्कॉम एमडी जो भ्रष्टाचार किया। उसका परिवाद एसीबी में दर्ज हुआ जो आज भी लंबित है। जयपुर डिस्कॉम द्वारा केंद्र सरकार के आईडीपीएस डीडीयूजिजेवाई के क्रियांनवयन के लिए जारी निविदा व कार्यादेशों में भी ए.के. गुप्ता द्वारा एमडी जयपुर डिस्कॉम के पद पर की गई अनियमितताओं की जांच एसीबी में 110 करोड़ एवं 55 करोड़ की राशि का भ्रष्टाचार करने पर दो परिवाद दर्ज हुए हैं। यह प्रकरण स्वास्तिक इलेक्ट्रिकल्स एवं फर्जिलाइजर मोतीलाल अटल रोड जयपुर वह मैसेज गैलेक्सी कोनकेब प्रथम सीतापुरा जयपुर से संबंधित है। इन दोनों फर्मा के एक कार्य आदेश आईपीडीएस स्कैम जयपुर शहर वृत जेसीसी में कार्य करने हेतु क्रमश रुपए 95.16 करोड़ रुपए 14.13 करोड़ के कार्य आदेश दिए गए हैं। दूसरी फॉर्म मैसर्स गैलेक्सी कोनकेब को आईपीडीएस स्कीम में शहर उत्तर जीसीसी में कार्य करने हेतु 43. 62 करोड़ 1224 करोड़ के कार्य आदेश दिए गए थे। इन फर्मों में पुराना सामान नहीं उतारा था।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या:- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 6/MB/214 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 128.000 वर्ग मीटर का आवंटन श्री गौरी शंकर गर्ग पुत्र श्री कुरड़ा राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3520 दिनांक 27.06.2011 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23.12.2011 को करवाया गया। श्री गौरी शंकर गर्ग की मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को हो जाने के पश्चात् श्रीमती रतनी देवी गर्ग पत्नी स्व.श्री गौरी शंकर गर्ग के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रतनी देवी गर्ग पत्नी स्व. श्री गौरी शंकर गर्ग के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## भाजपा ने किया कमेटी का गठन

**जयपुर**। जालौर में संत रघुनाथ महाराज के आत्महत्या प्रकरण की तथ्यातमक जांच के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निर्देशानुसार उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह जांच समिति बुधवार को घटनास्थल का दौरा करेगी और तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रदेशाध्यक्ष पूनियां को सौंपेगी। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सचेतक एवं विधायक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व संसदीय सचिव जोगाराम पटेल को बनाया है। वही समिति के साथ जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद एवं जिले के जनप्रतिनिधी मौजूद रहेंगे।

# 'जेडीए को व्यापक लोक हित में नीलामी रद्द करने का अधिकार है'

- अधिकरण ने टोंक रोड पर बजरी मंडी और ईपी के पास स्थित भूखंड की नीलामी को रद्द करने की जेडीए की कार्रवाई को सही माना

**जयपुर**, (का.सं.)। जेडीए अपीलीय अधिकरण ने टोंक रोड पर बजरी मंडी और ईपी के पास स्थित भूखंड की नीलामी को रद्द करने की जेडीए की कार्रवाई को सही माना है। अधिकरण ने कहा कि जेडीए व्यापक लोक हित में संपत्ति का ज्यादा मूल्य प्राप्त करने के लिए नीलामी रद्द करने का अधिकार रखता है। मौजूदा मामले में नीलामी प्रक्रिया में सिर्फ दो लोगों ने भाग लिया था। इसके अलावा भूखंड के मुख्य क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद इसकी उच्चतम बोली नहीं मिली। ऐसे में जेडीए विशेषाधिकार के तहत नीलामी को रद्द कर सकता है। अधिकरण ने यह आदेश संदीप कुमार की अपील को खारिज करते हुए दिए। अधिकरण ने कहा कि याचिकाकर्ता एक माह में जेडीए के विशेषाधिकारी को अपना बैंक का विवरण दे और जेडीए तय राशि छह फीसदी ब्याज सहित लौटा दे।

दरअसल अपील में अपीलार्थी ने जेडीए के 26 सितंबर 2018 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उच्चतम बोलीदाता होने पर भी उसके पक्ष में हुई नीलामी रद्द कर दी गई थी। जवाब में जेडीए की ओर से कहा गया कि नीलामी रद्द करने के आदेश को दो साल बाद अधिकरण में चुनौती दी गई है। इससे पहले उसने जेडीए की कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन वहां याचिका खारिज होने की संभावना पर उसे वापस ले लिया था। ऐसा करना विधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। जेडीए को किसी भी नीलामी प्रक्रिया में उच्चतम बोली को मंजूर या अस्वीकार करने का विशेषाधिकार है। इस नीलामी में भी जेडीए को आरक्षित दर से 200 रुपए ही ज्यादा राशि मिल रही थी और यह बोली मिश्रित उपयोग के लिए प्राप्त हुई थी। ऐसे में लोक हित में जेडीए इस भूखंड की व्यावसायिक उपयोग के लिए नीलामी करेगा।

**LOST FOUND**
We have lost Bank Guarantee No. 309101GL 000222 Dated 01.01.2022 of Rs. 7 Lacs Given by M/s Harish Medical Agencies 5393 Nichoison Road Ambala Cantt-133001 issued to M/s SKCC Herbels opc pvt ltd. G-992 Sitapura Jaipur-302020 Due to office shiffting. If found plz inform.

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम लोकेश गिरधारीलाल शर्मा से बदलकर लोकेश शर्मा पुत्र श्री गिरधारी लाल शर्मा रख लिया है। भविष्य में ुझे लोकेश शर्मा के ना से जाना पहचाना जावें। पता-प्लाट नं. 83, ग्राउण्ड फ्लोर, मंगलम आंगन विलास, अजमेर रोड, महापुरा, जयपुर

I Monika Chaudhary W/o Shri Pawan Sharma declare that in my old passport my name is Monika Sharma mentioned while my correct name is Monika Chaudhary. I am the same person of both the above names so in future I should be known by Monika Chaudhary R/o Plot No. 85 Nirman Nagar-AB Jaipur.

# जयपुर से तिरंगा सम्मान यात्रा रवाना

- 14-15 अगस्त को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर होगा तिरंगे का पूजन

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत की आजादी के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर जयपुर की ''संस्कृति युवा संस्था'' और ''राजस्थान एसोसिएशन यूके'' ने संयुक्त रूप से एक अद्भूत और अनूठा कार्यक्रम हाथ में लिया है। जिसमें आज चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में प्रातः11 बजे विद्वानो पण्डितों द्वारा संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा एवं सपत्नीक नीलम मिश्रा ने तिरंगे की विधि विधान से पूजा अर्चना की और विद्वान पण्डितों ने देवताओं का आव्हान कर देश में सुख शांति की प्रार्थना की। इसके बाद तिरंगे झण्डे की आरती की गई।

इस अवसर पर सैंकडो धर्मावलम्बीयों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। कार्यक्रम के आयोजक संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके है और इस आजादी को पाने के लिये हमारे लाखों शहीदों ने बलिदान दिया और एक लम्बा संघर्ष आजादी पाने के लिये हमें करना पड़ा। इस आजादी के 75वें वर्ष में 15 अगस्त 2022 को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर



जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में विद्वानो पण्डितों ने तिरंगे की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद तिरंगे झण्डे की आरती की गई।

जयपुर से रवाना होकर यह तिरंगा लंदन पहुंचेगा।

इसके पूर्व इस तिरंगे को अमृतसर में जलियांवाला बाग के लिये रवाना करेगें। वहां 12 अगस्त को तिरंगे की पूजा अर्चना और शहीदों को नमन का कार्यक्रम होगा। उसके पश्चात 13 अगस्त को यह तिरंगा लंदन के लिये रवाना होगा। जिसे 15 अगस्त को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर राजस्थान एसोसिएशन, यूके के पदाधिकारी आलोक शर्मा खंडेला और उनकी टीम राजीव खीचड, दिलीप पूगलिया, अनुभव चौधरी, हरेन्द्र सिंह जोधा, अजय ढाढणिया स्वागत करेंगे और लंदन के समयानुसार सुबह 10:30 बजे झंडारोहण करेगें।

इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एच.सी. गणेषिया, पं. पुरुषोत्तम गौड़, रामकिशोर डेरेवाला, पार्षद करण शर्मा, पूर्व चैयरमेन कमल वाल्मिकी, पप्पू श्रीमाल, सर्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेशाध्यक्ष सविता शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, जयपुर युवा महिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, मनोज मिश्र, अरविन्द मिश्र, विजय भास्कर, राजेश शांडिल्य, नरेन्द्र शर्मा, पवन गौड, गौरव गणेषिया, जितेन्द्र टांक, करण डाबी, निखिल मिश्रा, विमल बज सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ''आजादी गौरव पदयात्रा'' आज

**जयपुर**। देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीसीसी के आव्हान पर 10 अगस्त को ''आजादी गौरव पदयात्रा'' आयोजित की जा रही है। स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी एवं कांग्रेस नेताओं के अमिट योगदान का स्मृति गौरव उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा में जयपुर शहर के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, सांसद प्रत्याशी, पीसीसी पदाधिकारी-सदस्य, मेयर-डिप्टी मेयर शामिल होंगे।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रतापनगर, जयपुर**
क्रमांक:-6701 दिनांक:-8.8.2022
**जाहिर आम -सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 83/28 (MIG-B) का आवंटन श्री जगदीश चन्द्र परिहार पुत्र श्री श्रीराम परिहार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4096 दिनांक 30.03.2001 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री जगदीश चन्द्र परिहार ने अपनी सहमति व आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत उक्त आवास अपनी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार का नाम जोड़ने हेतु निवेदन करने पर इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 117 दिनांक 11.04.2002 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र परिहार एवं श्रीमती शान्ता परिहार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज किया गया।
श्री जगदीश चन्द्र परिहार की मृत्यु दिनांक 06.06.2006 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त- प्रथम, प्रतापनगर, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रतापनगर, जयपुर**
क्रमांक:-6700 दिनांक:-8.8.2022
**जाहिर आम -सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 83/26 (MIG-B) का आवंटन श्री जगदीश चन्द्र परिहार पुत्र श्री श्रीराम परिहार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4097 दिनांक 30.03.2001 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री जगदीश चन्द्र परिहार ने अपनी सहमति व आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत उक्त आवास अपनी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार का नाम जोड़ने हेतु निवेदन करने पर इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 116 दिनांक 11.04.2002 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र परिहार एवं श्रीमती शान्ता परिहार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज किया गया।
श्री जगदीश चन्द्र परिहार की मृत्यु दिनांक 06.06.2006 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त- प्रथम, प्रतापनगर, जयपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)
**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/2023-24 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-01.08.2022
श्रीमती रेणु राज सैनी पत्नी श्री मदन लाल सैनी, जाति माली, श्री श्याम कॉलोनी वार्ड नं. 12, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
| --- | --- | --- | --- |
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.12 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आम रास्ता, पश्चिम में सिनेमा हॉल, उत्तर में रामजीवण चौधरी के गोदाम एवं दक्षिण में प्लाट नं. 27 होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 22'-0" एवं उत्तर-दक्षिण 25'-0" होकर कुल रकबा 51.09 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 01.08.2022 को जारी की गयी।
**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**